

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 11 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 30 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## बिना अनुमति गौवंश का परिवहन में लिप्त वाहन राजसात

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल ने बिना अनुमति गौवंश का परिवहन करता पाए गए जप्त 2 वाहन क्रमशः यूपी 21 बीएन 8310 एवं वाहन क्र. यूपी 21 सीएन 1674 को राजसात करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि वाहन क्रमांक यूपी 21 बीएन 8310 को 16 जून 2022 को छपारा में कुल 57 नग मवेशी का परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस द्वारा म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत जप्त किया गया था। इसी तरह वाहन क्र. यूपी 21 सीएन 1674 को 6 फरवरी 2023 को घंसौर में कुल 34 नग गौवंश को बिना अनुमति परिवहन करते पुलिस द्वारा जप्त किया गया था। संबंधित थाना प्रभारियों को उल्लेखित वाहनों को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

## सिवनी से भोपाल यात्रा करने वाली अनीता अग्रवाल प्रथम महिला यात्री

सिवनी यशोः-. सिवनी से भोपाल रेल यात्रा एक सुखद अहसास के साथ ही एक ऐसा सपना था जो विवाह के 40 वर्षों बाद पूरा हुआ। श्रीमती अनीता



प्रकाश चंद्र अग्रवाल जो कि, भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल की बहन हैं वे विवाह के पश्चात से भोपाल में रहती हैं। लेकिन अपने मायके सिवनी आने के लिए बस के लंबे सफर के चलते हुए उनका सिवनी आना जाना कम ही होता था।

इन दिनों वे सिवनी आई हुई थी और आज सौभाग्यवश भोपाल जाने के लिए उन्हें पातालकोट ए सप्रेस में रिजर्वेशन मिल गया और इस तरह ए सी 2 टायर में चूंकि सिवनी से उनके अलावा अन्य कोई यात्री नहीं था अतः उन्हें सिवनी से भोपाल की यात्रा करने वाली पहली महिला यात्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भोपाल पहुंचकर श्रीमती अग्रवाल ने रेलवे विभाग को धन्यवाद एवं सिवनी वासियों को बधाइयाँ दी हैं।

### जबरन नॉलेज




# पशु पालक लम्पी (त्वचा रोग) से मवेशियों को बचाने सावधानी बरते

### पशु चिकित्सक ने जारी की एडवाइजरी

छपारा यशोः- जिले में इन दिनों गौवंशीय पशुओं में ल पी नामक रोग बहुत तेज से फैल रहा है पशुओं में इस रोग की अधिकता से पशु पालक बहुत अधिक चिंतित है । पशु चिकित्सा विभाग ने पशु पालकों की चिंता को देखते हुये पशुओं को रोग से बचाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है । छपारा नगर के पशु चिकित्सा विभाग में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ एसके गौतम ने लंबी रोग से बचाव के लिए पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है ।

**लक्षण**

ल पी त्वचा रोग (गांठदार त्वचा रोग) मवेशियों में होने वाला एक संक्रामक रोग है जो पॉ सविरिडे परिवार के एक वायरस के कारण होता है, जिसे नीथलिंग वायरस भी कहा जाता है। इस रोग के कारण पशुओं की त्वचा पर गांठें होती हैं। यह रोग त्वचा और श्लेष्मा झिल्ली (श्वसन और जठरांत्र संबंधी मार्ग सहित) पर बुखार, बढ़े हुए सतही लि फ नोड्स और कई नोड्यूल (व्यास में 2-5 सेंटीमीटर (1-2 इंच)) की विशेषता है। संक्रमित मवेशी अपने अंगों में सूजन और लंगड़ापन प्रदर्शित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इस बीमारी के परिणामस्वरूप अ सर पुरानी दुर्बलता, कम दूध उत्पादन, खराब विकास, बांझपन, गर्भपात और कभी-कभी मृत्यु हो जाती है।

**प्रभाव**

बुखार की शुरुआत वायरस से संक्रमण के लगभग एक सप्ताह बाद होती है। यह प्रारंभिक बुखार 41 डिग्री सेल्सियस (106 डिग्री फ़ारेनहाइट) से अधिक हो सकता है और एक सप्ताह तक बना रह सकता है। इस समय, सभी सतही लि फ नोड्स बढ़े हुए हो जाते हैं। गांठदार घावों में डर्मिस और एपिडर्मिस शामिल होते हैं, लेकिन यह अंतर्निहित चमड़े के नीचे या यहां तक कि मांसपेशियों तक भी फैल सकता है। ये घाव, जो पूरे शरीर में होते हैं (लेकिन विशेष रूप से सिर, गर्दन, थन, अंडकोश, योनी और पेरिनेम पर)

एलएसडी के हल्के मामलों में, नैदानिक लक्षणों और घावों को अ सर बोवाइन हर्पीसवायरस 2 (बीएचवी-2) के साथ भ्रमित किया जाता है, जिसे बदले में, छद्म-गांठदार त्वचा रोग के रूप में जाना जाता है।



हालांकि, बीएचवी-2 संक्रमण से जुड़े घाव अधिक सतही होते हैं। बीएचवी-2 का कोर्स भी छोटा है और यह LSD की तुलना में अधिक हल्का है। दो संक्रमणों के बीच अंतर करने के लिए इले ट्रॉन माइक्रोस्कोपी का उपयोग किया जा सकता है।

**अतिसंवेदनशील मवेशी**

एलएसडीवी मु य रूप से मवेशियों और ज़ेबस को प्रभावित करता है, लेकिन इसे जिराफ़, जल भैंस और इ पाला में भी देखा गया है। HF और जर्सी जैसी महीन चमड़ी वाले मवेशी इस बीमारी के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। मोटी चमड़ी वाली भारतीय नस्लें जिनमें अ .रीकन और अ .रीकन क्रॉस-ब्रीड शामिल हैं, में रोग के कम गंभीर लक्षण दिखाते हैं। युवा बछड़ों और गायों में अधिक गंभीर नैदानिक लक्षण दिखाई देते हैं, लेकिन सभी आयु-वर्ग इस रोग के प्रति संवेदनशील होते हैं।

एलएसडीवी का प्रकोप उच्च तापमान और उच्च आर्द्रता से जुड़ा होता है यह आमतौर पर गीली गर्मी और शरद ऋतु के महीनों के दौरान अधिक प्रचलित होता है, विशेष रूप से निचले इलाकों या पानी के नजदीकी इलाकों में, हालांकि, शुष्क मौसम के दौरान भी प्रकोप हो सकता है। रक्त-पोषक कीट जैसे मच्छर और मों खयाँ रोग फैलाने के लिए यांत्रिक वाहक के रूप में कार्य करते हैं। एक एकल प्रजाति वे टर की पहचान नहीं की गई है।

वायरस को रक्त, नाक से स्राव, लैक्रिमल स्राव, वीर्य और लार के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। यह रोग संक्रमित दूध से दूध पिलाने वाले बछड़ों में भी फैल सकता है। प्रायोगिक रूप से संक्रमित मवेशियों में, एलएसडीवी बुखार के 11 दिन बाद लार में, 22 दिनों के बाद वीर्य में और 33 दिनों के बाद त्वचा के नोड्यूल्स में पाया गया। मूत्र या मल में वायरस नहीं पाया जाता है।

**कृत्रिम प्रतिरक्षा, मवेशियों के सुरक्षित ईलाज**

एलएसडीवी के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अतिसंवेदनशील वयस्क मवेशियों को टीका लगाया जाना चाहिए। लगभग 50त्न मवेशियों में टीकाकरण के स्थान पर सूजन (10ङ्क20 मिलीमीटर (1/2–3/4 इंच) व्यास) विकसित हो जाती है। यह सूजन कुछ ही ह तों में गायब हो जाती है। टीका लगाने पर, डेयरी गाय भी दूध उत्पादन में अस्थायी कमी प्रदर्शित कर सकती हैं।

**प्राकृतिक प्रतिरक्षा–**

अधिकांश मवेशी प्राकृतिक संक्रमण से उबरने के बाद आजीवन प्रतिरक्षा विकसित करते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिरक्षा गायों के बछड़े मातृ एंटीबॉडी प्राप्त करते हैं और लगभग 6 महीने की उम्र तक नैदानिक रोग के लिए प्रतिरोधी होते हैं। मातृ एंटीबॉडी के साथ हस्तक्षेप से बचने के लिए, 6 महीने से कम उम्र के बछड़ों को जिनकी माँ को प्राकृतिक रूप से संक्रमित या टीका लगाए गए थे, उन्हें टीका नहीं लगाया जाना चाहिए।

**उपचार –**

चूंकि यह वायरस से होने वाली बीमारी है इसलिए इसका कोई पु ता इलाज उपलब्ध नही है इसमें लक्षणों के आधार पर उपचार किया जाता है जैसे शरीर की प्रतिरक्षा तंत्र को नियंत्रित करने हेतु एंटी हिस्टामिनिक दवाए जैसे (AVIL,CITRIZINE) का प्रयोग किया जा सकता है जबकि बुखार के लिए एंटी पायरेटीक दवाए उपयोग में लाना चाहिए साथ ही MULTI VITAMINES और घावो के लिए प्रतिजैविक मलहम का उपयोग करना चाहिए।

**सलाह–**

पशु पालको को सलाह दी जाती है कि कोई भी पशु में लक्षण देखने पर तत्काल नजदीक के पशु औषधालय या पशु चिकित्सालय से संपर्क करे उनके मार्गदर्शन में ही दवावों का उपयोग करें साथ ही पशु पालक स्वयं दवाई देने से बचे।

# वित्तीय बैंक में बंधक कृषि भूमि पर भी किसानों को मिलेगा कृषि ऋण, जिला सहकारी बैंक ने जारी किया आदेश

## भाजपा जिलाध्यक्ष के रहे सराहनीय प्रयास, किसान मोर्चा ने दिया धन्यवाद

सिवनी यशोः- किसानों की वित्तीय बैंको में बंधक रखी भूमि कृषि के लिये अल्पकालीन ऋण में बाधक नहीं बनेगी इस आशय के आदेश जिला सहकारी बैंक द्वारा जिला कले टर के आदेश से जारी कर दिये गये है । इस आशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है ।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे द्वारा बताया गया कि पूर्व में किसी बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड आदि के लिये बंधक रखी गई भूमि पर किसानों को जिला सहकारी बैंकों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान नहीं किये जाते थे जिससे किसान कृषि ऋण के लिये परेशान होते है उन्हें खाद एवं बीज मिलने में परेशानी होती थी । किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये भाजपा जिला किसान मोर्चा के महामंत्री शिव सनोडिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष को किसानों की समस्या निराकरण के लिये अनेक किसानों से हस्ताक्षरित आवेदन दिया था जिस पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने प्रदेश मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से केवलारी प्रवास के दौरान चर्चा की थी एवं समस्या के निराकरण के लिये जिला कले टर से चर्चा की जिस संज्ञान लेते हुये जिला कले टर किसानों की समस्या को निराकृत करने के लिये जिला सहकारी बैंक मु य कार्यपालन अधिकारी को कहा था ।



उक्त संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सिवनी के मु य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिले के समस्त सहकारी बैंक की शाखाओं और समितियों के लिए आदेश पत्र जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि गत दिवस जिला कले टर की अध्यक्षता में कृषि आदान समिति की एक बैठक रखी गई जिसमें जबलपुर संभाग के संयुक्त आयुक्त सहकारिता विशेष रूप से उपस्थित थे । इस बैठक में किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि किसान द्वारा किसी खसरे /रकबे को दृष्टिबंधक रखते हुए सहकारी समिति द्वारा पात्रता अनुसार अल्पकालीन फसल ऋण दिया जा सकता है। एवं समिति द्वारा किसानों को अल्प अवधि फसल ऋण दिए जाने के पूर्व इस आशय का घोषणा पत्र संबंधित किसान से लिया जाएगा कि उसने पूर्व में जिस संस्था से ऋण लिया है वह अल्पावधि फसल ऋण एवं कालातीत ऋण नहीं है।

श्री दुबे ने आदेश जारी होने पर प्रदेश के संवेदनशील मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं जिला कले टर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

किसानों की बड़ी समस्या के निराकरण से किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शिवसनोडिया एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय ने भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के प्रयासों की सराहना करते हुये उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

# विधि विभाग ने मन की बात को देखने का आग्रह किया

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्वकांक्षी प्रतिमाह होने वाले कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण आज रविवार को प्रसारित होने वाला है यह कार्यक्रम बहुत ही विशेष होने वाला है यह कार्यक्रम सिवनी जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐतिहासिक बनाने के लिये सभी मंडलो के 1387 बूथों में योजना बनाई गई है ।




भारतीय जनता पार्टी के कानून एवं विधि विभाग के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता विनोद सोनी ने सभी जिले वासियों से आग्रह किया है कि 30 अप्रैल रविवार को प्रातः11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आवश्यक रूप से सुने । श्री सोनी ने सभी बूथों के अध्यक्षों से आग्रह किया है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के इस विशेष कार्यक्रम के प्रसारण में अपने बूथों के पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति, पार्टी के सभी कार्यक्रम प्रभारी, एवं बूथ में निवासरत भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्त्ता के साथ साथ मु यमंत्री की लाड़ली बहनों , विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों एवं आमजनों को इस कार्यक्रम में शामिल कर मन की बात सुनाना सुनिश्चित करें तथा बूथ अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारीयो द्वारा संगठन एप के माध्यम से कार्यक्रम की ऑनलाइन इंट्री भी आवश्यक रूप से दर्ज करें । इसमें संबंधित विधानसभा का नाम, बूथ का क्रमांक, उपस्थिति सं या, पता, फोटो सहित अन्य विवरण दर्ज किए जाएंगे।

# भारतीय राजनैतिक इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई मन की बात

### जिले के 1387 बूथों पर होंगे मन की बात कार्यक्रम, समस्त पदाधिकारी ,जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता करेंगे भागीदारी - भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' भारत की राजनीति के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ है । देश के आमजनों से प्रतिमाह महत्वपूर्ण उपलब्धियों, नवाचारों, समस्याओं, महत्वपूर्ण गतिविधियों, सहित ज्ञान विज्ञान की बातो पर प्रधानमंत्री जी सीधी चर्चा करते है । यह कार्यक्रम देश के इतिहास में पहला कार्यक्रम है जो गैर राजनैतिक है। 30 अप्रैल रविवार प्रातः 11 बजे इस कार्यक्रम का 100वां एपिसोड प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सिवनी जिले के प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित करेंगी ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से कहा है कि मन की बात कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर नए इनोवेटिव आइडिया का काम करने वाले लोगों को शामिल किया जायेगा और कार्यक्रम को आकर्षक बनाया जाये। इन कार्यक्रमों में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता समाज के प्रबुद्धजनों, खिलाड़ियों, स्वच्छता कर्मियों, कलाकारों, अग्रणी किसानों, रचनात्मक काम करने वालों तथा आम नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को सुने। इस अवसर पर सभी बूथों पर उत्सव जैसा वातावरण बनाकर कार्यक्रम संपन्न कराये। प्रत्येक बूथ पर संपन्न होने वाले कार्यक्रम में बूथ समितियाँ, पन्ना समितियाँ, एवं पार्टी के उत्सव प्रभारियों की उपस्थिती के साथ ही लाड़ली बहना एवं सरकारी योजनाओं के हितग्राहियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित करें । कार्यक्रम के अंत संगठन एप पर एंट्री करें जिसमें फोटो, स्थान, बूथ क्रमांक, कार्यक्रम अतिथि, सहित उपस्थित जनों की सं या एवं अन्य विवरण उल्लेखित करें ।

# वैशाख शुक्ल दसमीं मातृधाम का 27 वां पाटोत्सव आज

### * मां भगवती का विशेष पूजन कर श्रीगुरुचरण पादुकाओं का पूजन कर श्री गुरुदेव भगवान का पावन स्मरण किया जायेगा

सिवनी यशोः- " मातृदेवोभव" के महान सनातनी भाव को महिमामंडित करने सनातन धर्म के उन्नायक परमाराध्य जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी महाराज ने अपनी मां गिरिजा देवी की पावन जन्मस्थली मातृधाम में अपनी जन्मदात्री माता और सिद्धिदात्री परमाराध्य श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता की प्रतिष्ठा की । श्रीविद्या एवं श्रीयंत्र की अधिष्ठात्री देवी भगवती श्री माता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दिव्य विग्रह के साथ विराजमान है। श्रीविद्या के सिद्धपीठ



में दसमहाविद्या, श्री बटुक भैरव, श्री नवग्रह, भगवान श्री ललितेश्वर महादेव, श्री अंबिकेश्वर महादेव सहित श्री इष्टसिद्धि हनुमान जी महाराज की विराजमान है । उक्ताशय की जानकारी देते हुये मातृधाम के प्रभारी धर्मवीर अजित गौरीशंकर तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माचार्य ने 17 मई 1997 वैशाख शु ल दसमीं को अपने कर कमलों से मातृधाम में श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी की प्राण- प्रतिष्ठ कर "ना मातु परदैवत" का दिव्य संदेश दिया । आज वही स्थान सनातन धर्म यों के लिए महान आस्था और शक्ति उपासना का महान केंद्र है।

भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के शुभाशीर्वाद श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी मंदिर, मातृधाम को 27 वां पाटोत्सव 30 अप्रैल 2023 ÷रविवार÷ को हर्षोल्लास से मनाया जावेगा 7 आप सभी सपरिवार पधार कर माँ भगवती के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

इस अवसर प्रातः मा भगवती का सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन, भगवान अ बिकेश्वर महादेव एवं श्री ललितेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक, श्री इष्टसिद्धि हनुमान जी का पूजन, दस महाविद्याओं, नवग्रह पूजन, श्री बटुकभैरव पूजन के साथ में पूज्यनीय माता श्री गिरिजा देवी का पूजन किया जावेगा । श्रीगुरुचरण पादुका का पूजन अर्चन कर पावन स्मरण किया जावेगा। सायंकालीन 108 घृत दीपों श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी महारानी की महाआरती की जावेगी 7रात्रि जस, भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस सुअवसर पर सपरिवार इष्टजनों के साथ मातृधाम पहुँच पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध मातृधाम मंदिर समिति एवं आध्यात्मिक उत्थान मण्डल द्वारा किया गया है।

# भगवान चित्रगुप्त जी का मनाया प्रकाट्योत्सव

मंडला यशोः- श्री चित्रगुप्त कायस्थ महासभा मंडला द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव मनाया गया। इसमें पूजन अर्चन और विविध आयोजन किये गये। सभा के अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव पर समाज के लोगो ने सामूहिक रूप से महाराजपुर स्थित मंदिर में पूजन, अर्चन कर महाआरती की गई।

बताया गया कि भगवान श्री प्रकाट्योत्सव पर श्री चित्रगुप्त मंदिर महाराजपुर में शाम को कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें सभा के पदाधिकारी, समाज के लोगो ने सामूहिक रूप से पूजन किया गया। इसमें द्वारा महिलाओ ने भगवान की महाआरती की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी ने समाज में एकजुटता की बात कही। यहा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गईं। भगवान चित्रागुप्त के प्राकट्योत्सव को लेकर समाज के युवाओ द्वारा एक सप्ताह पहले से तैयारी की गई थी। सभा के संरक्षक शशि कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन के लिए सभी इसी तरह से एकजुटता की जरूरत है। यहां भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर ऐच्छिक अवकाश दिए जाने का आभार ज्ञापित करते हुए सार्वजनिक अवकाश की मांग की गई। कार्यक्रम में समाज के लोगो की बडी सं या में उपस्थिति रही।

# जिले के बूथों पर सुना जाएगा 'मन की बात' का 100 वां एपिसोड

## भारत के राजनैतिक इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ "मन की बात" कार्यक्रम

मंडला यशोः- देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' भारत की राजनीति के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ है। 30 अप्रैल को इस कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड प्रसारित किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि मन की बात के इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी बूथ में मन की बात सामूहिक रूप से सुनने का कार्यक्रम तय किया गया है।




इन कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता समाज के प्रबुद्धजन कलाकार खिलाड़ियों, स्वच्छता कर्मियों, किसानों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक काम करने वालों तथा आम नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को सुनेंगे।

उन्होंने कहा की यह कार्यक्रम देश के इतिहास में पहला कार्यक्रम है जो गैर राजनैतिक है। 30 अप्रैल को इस कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम की सेंच्युरी होने के कारण मध्यप्रदेश के सभी जिले में यादगार बनाने के लिए विशेष आयोजन भी किए जा रहे है।

मंडला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में इस कार्यक्रम को विशेष तोर पर आयोजित करने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर नए इनोवेटिव आइडिया में काम करने वाले लोगों को जोड़ने की योजना है।

**मन की बात कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते होंगे शामिल**



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया की मन की बात के कार्यक्रम में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते बीजाडांडी मंडल के उदयपुर ग्राम के बूथ क्रमांक एक में शामिल होकर स्थानी नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की मन की बात सुनेंगे, मंडला विधायक श्री देव सिंह सैयाम ग्राम बीजेगांव में भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म दिवेदी मंडला ग्रामीण मंडल में शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय से सभी पूर्व विधायक गण सर्व जनप्रतिनिधि जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष महामंत्री मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को बूथ में मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने सूचित किया गया है।

# समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के विरूद्ध सकल समाज के विविध संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



मंडला यशोः- भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक एवं ट्रांसजेंडर आदि व्यक्तियों के विवाह के अधिकार को विधि मान्यता देने का निर्णय लेने की तत्परता बताई है। उक्त तत्परता आतुरता से विचलित होकर भारतीय जनमानस आक्रोशित है। भारतीय जनमानस के आक्रोश को व्यक्त करने एवं इसके विरोध में आज दोपहर 3.30 बजे राष्ट्रपति महोदय के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस हेतु सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता रपटा घाट स्थित गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट में दोपहर 3रू00 एकत्रित हुए, एवं स य संस्कृति के जागरूक सदस्य होने के नाते कार्यकर्ताओं ने सभी से समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के विरूद्ध आगे आ कर साथ देने की अपील की है ।

# स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं लिख रही हैं कामयाबी की नई इबारत

## अपने दृढ़संकल्प और अनेकों बाधाओं से लड़कर सफल बनी सुशीला

मंडला यशोः- गांव की गलियों से निकलकर महिलाएं कामयाबी की इबारत लिख रही हैं। सामाजिक बंधन होने के उपरांत भी आगे बढ़ने के जज्बे ने मण्डला जिले के बीजाडांडी विकासखण्ड निवासी सुशीला वरकड़े को सरस्वती आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर स्वावलंबी बनने की दिशा प्रदान की। वर्तमान में सुशीला के परिवार की स्थिति में परिवर्तन आया है एवं समाज में भी सुशीला का प्रभाव बढ़ा है। सुशीला की बेटी वर्तमान में स्नातक की पढ़ाई कर रही है। सुशीला का कहना है कि मैं अगर समूह से नहीं जुड़ी होती तो आज इस स्थिति में नहीं पहुँच पाती। आजीविका मिशन से परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में जो सुधार आया है उसके लिए मैं मध्यप्रदेश सरकार को धन्यवाद करती हूं।

सुशीला बताती है कि उनका जन्म गरीब परिवार में हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अपनी पढ़ाई सिर्फ10वी कक्षा तक ही कर पाई। सुशीला के परिवार की आय का साधन सिर्फ खेती था वो भी वर्षा के पानी पर निर्भर था जिसके कारण परिवार के साल भर के भरण-पोषण में बहुत परेशानी होती थी। सुशीला के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी, छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिये भी वह बहुत परेशान होती थी। सुशीला आगे कहती हैं कि ग्राम में संगठन का गठन हुआ तो ग्राम संगठन में दस्तावेजीकरण कर मेरा चयन हुआ।

समूह से 10 हजार रुपये का ऋण लेकर सिलाई का कार्य करने लगी। साथ ही कुछ समय बाद अपना पूरा ऋण वापस भी कर दिया। मैंने सीसीएल से 50 हजार रूपए ऋण लेकर गांव में ही एक किराना दुकान खोली। साथ ही इसी दुकान में ही गल्ला खरीदी एवं विक्रय का कार्य शुरू किया। मैंने गांव में आजीविका गतिविधि से जुड़कर एक आटा चक्की भी लगाई जिससे मेरे परिवार की मासिक आय लगभग 15 हजार रूपए हो गई है।







**अपने दृढ़संकल्प और अनेकों बाधाओं से लड़कर सफल बनी सुशीला**





# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

मंडला यशोः- उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित ऐ बेसटर डॉ. रीनू शर्मा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं, अकादमिक संरचना, सामान्य वैकल्पिक विषय, व्यावसायिक विषय, परियोजना कार्य के संबंध में सूक्ष्म जानकारी प्रदान की गई। डॉ. रिया मरकाम द्वारा लर्निंग आउटकम, क्रेडिट अंक, मूल्यांकन विधि, ग्रेड कार्ड के साथ-साथ एजीपीए, सीजीपीए से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

# कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला मण्डला

## 01 मई से 31 मई 2023 तक होगा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

मंडला यशोः- कले टर जिला मण्डला के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन अवकाश का छात्र-छात्राओं के सदुपयोग हेतु खेल विभाग द्वारा जिला व विकासखण्ड स्तर पर पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 01 मई 2023 से 31 मई 2023 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिले एवं समस्त विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में निःशुल्क विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण प्रातः 06:00 से 08:00 एवं सायं 05:00 से 07:00 तक संचालित किया जा रहा है।

जिले में निवासरत् छात्र-छात्राएं संबंधित अपने विकासखण्ड के युवा समन्वयक से स पर्क कर उक्त प्रशिक्षण में स मिलित हो सकते है। जिला स्तर पर शिविर में स मिलित होने हेतु खेल और युवा कल्याण विभाग के कार्यालय से स पर्क किया जा सकता है।

खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने बताया की ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग हेतु निःशुल्क समर के प का आयोजन खेल विभाग किया जा रहा है। जिले के छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक सं या में स मिलित होकर इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सब नेशनल सर्टिफिकेशन में जिले को राज्यपाल ने दिया ब्रॉन्ज मेडल




मंडला यशोः- राजभवन भोपाल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित स मान समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 प्रभुराम चौधरी, मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग डॉ0 महेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा मोह मद सुलेमान अपर मु य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की उपस्थिति में सीएमएचओ डॉ0 श्रीनाथ सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ0 सुमित सिंगौर को सब नेशनल सर्टिफिक्रेशन के पुरूस्कार के अंतर्गत ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया।

टी.बी. के कैसेस में 20 प्रतिशत कमी लाने पर जिले को ब्रॉन्ज मैडल से स मानित किया गया है। वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश से 30 जिलों में नामांकन किया था। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक क्षय उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। टीबी के मामलों में कमी लाने वाले जिलों को विभिन्न श्रेणियों में सर्टिफिक्रेट, पदक एवं प्रोत्साहन राशि से पुरूस्कृत करने के लिये सर्टिफिक्रेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# उपार्जन की अंतिम तिथि 15 मई

मंडला यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक नियत की गई है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2125/- प्रति क्विंटल नियत किया गया है। स्लॉट बुक करने की सुविधा 15 मई 2023 के 10 दिन पूर्व तक शासन द्वारा नियत है। जिले में 53 उपार्जन केन्द्रों में से 9210 किसानों ने ही स्लॉट बुक कराया गया है, जिसके विरूद्ध 3275 किसानों ने 199430.66 क्विंटल गेहूं उपार्जन केन्द्र में विक्रय किया गया है। गेहूं विक्रय हेतु जिले की सहकारी संस्थाओं के उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग निःशुल्क किया जा रहा है, जो किसान अपनी उपज उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय करना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र का चयन कर सकते हैं। चयन की सुविधा उपार्जन पोर्टल के वेबसाईट ूण्उचमनचंतरंदण्दपबण्पद पर या स्वयं के मोबाईल से भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि स्लॉट बुकिंग करते समय एक बार ही उपार्जन केन्द्रों का चयन करें ताकि बार-बार निरस्त कराने की आवश्यकता न हो अन्यथा बार-बार निरस्त करने पर पात्रता नहीं रहेगी। जिले में 28 गोदाम स्तरीय केन्द्र बनाये गए हैं ताकि केन्द्रों से कम से कम परिवहन करना पड़े। जिले के किसानों से आग्रह है कि एफएे. यू. क्वालिटी की उपज लेकर ही उपार्जन केन्द्र पर आएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न रहे।

# अंकिता का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन



मंडला यशोः- प्रसव पीड़ा से पीड़ित अंकिता विश्वकर्मा को अंजनियां बिछिया अस्पताल में मेटरनिटी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां ऑपरेशन के पश्चात अंकिता और उसका बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। अंकिता का कहना है कि वह प्रसव पीड़ा से बहुत परेशान थी, हि मत ही न थी लेकिन अस्पताल स्टॉफ के द्वारा अंकिता का मनोबल बढ़ाया गया। डॉ टरों की टीम ने मेरा सफल ऑपरेशन निःशुल्क किया तथा दवाईयाँ और रहने की व्यवस्था भी की गई। मैं म.प्र. शासन और डॉ टर्स की टीम को धन्यवाद देती हूँ।

# वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु एडवायजरी

मंडला। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसमुदाय के लिए जारी एडवायजरी में कहा है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के खतरे से अभी जनसमुदाय मुक्त नहीं हुआ है। देश के अनेक राज्यों में कोरोना की पुष्टि हुई है जिसमें म.प्र. के कुछ जिले भी शामिल हैं। लोगों का इस जिले से उस जिले तक आना जाना होता है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के निर्देशानुसार कोविड महामारी के नियत्रंण के संबंध में पांच स्तरीय रणनीति यानी टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट टीकाकरण एवं कोविड उपमुक्त व्यवहार पालन करें। राज्य के कोविड-19 प्रकरणों के बढ़ती ट्रेजे टरी को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियाँ श्वसन वायरस के साथ कोविड-19 के सह-संचार संबंधी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र खराब वेंटिलेशन वाले स्थानों से दूरी रखते हुये श्वसन स्वच्छता का पालन करें। बार-बार साबुन से हाथों को धोयें। मॉस्क का प्रयोग करें, सामाजिक कार्यों में अधिक आवश्यकता हो तभी जायें। बच्चे, बुर्जुग एवं गर्भवती माताएँ इन सभी का विशेष ध्यान रखें। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ है तो चिकित्सक के पास जायें।

# जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## एवं विधिक सहायता एवं विधिक जागरूकता शिविर स पन्न



मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मान0 एस0के0 जोशी के निर्देशन में एवं श्री डी0आर0 कुमरे जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में जिला जेल मण्डला में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, विधिक सहायता एवं विधिक जाागरूकता शिविर का आयोजन 27 अप्रैल 2023 को 11 बजे किया गया। शिविर में श्री डी0आर0 अहिरवार जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री ए0एस0 ठाकुर जेल अधीक्षक जिला जेल मण्डला, श्री लवसिंह काटिया उप जेल अधीक्षक, डॉ. रितेश डोंगरे, डॉ. शुभम त्रिवेदी, डॉ. रमा पटेल, सुश्री श्रद्धासिंह राजपुत लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जिला जेल का समस्त स्टॉफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय से उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुल 96 पुरूष बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 12 महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण महिला चिकित्सक द्वारा किया गया एवं निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे बंदियों को चिन्हित किया जाकर विधिक सलाह प्रदान की गई। पूर्व में जिन अधिवक्ताओं को बंदियों के प्रकरणों में नियुक्त किया गया था, उनके द्वारा बंदियों के प्रकरणों में हुई कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा प्रदान की गई तथा उक्त कार्यक्रम में बंदियों को उनके संवैधानिक तथा विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

## .जिला कार्यालय का हुआ शुभारंभ

मण्डला यशोः- शनिवार को आम आदमी पार्टी ने जिला कार्यालय का शुभारंभ किया। आम आदमी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिंझिया स्थित डाग्रोस्टिक के सामने ऍ सस बैंक के आगे जबलपुर रोड़ में जिला कार्यालय का शुभारंभ हुआ। यहां सर्वप्रथम कार्यालय का शुभारंभ फीता काट कर किया गया साथ ही सुभाष चन्द्र बोस एवं भगत सिंह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया। जिसके पश्चात् नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर तिलक बंदन करके हुए स्वागत किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछवाहा, महेन्द्र भांडे, राम गोपाल यादव, संजय रजक, लोकसभा उपाध्यक्ष पद पर डीडी कुमरे, नेमसिंह परते, जिला सोशल मीडिया प्रभारी महेश भलावी, जिला संयुक्त सचिव चंद्र सिंह, दुर्गेश उईके, जिला यूथ अध्यक्ष आदित्य पटैल, ब्लॉक अध्यक्ष के पद में मण्डला विधानसभा से हितेन्द्र सिंह पटैल, सीएल सरोते, प्रभात झारिया, अजय कुमार उईके, बिछिया विधानसभा से यशवंत जायसवाल, सोमनाथ पंद्रे, गनपत दास बघेल, कमलेश कुमार बट्टी, निवास विधानसभा से नरेन्द्र कुमार परस्ते, अरविंद कुमार परते, सुकल सिंह भवेदी, शेव कुमार भवेदी को नियुक्त किया गया है। उपस्थिति पदाधिकारियों के समक्ष जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि जिले में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो बिजली, पानी, शिक्षा सब फ्री दिया जाएगा। साथ ही बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं को बेहतर किया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ई-मेल yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297